# जीवन में तपस्या जरूरी : राष्ट्रपति

**पतंजलि विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह में दीं उपाधियां**



**हरिद्वार, 3 नवंबर. पतंजलि विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की.**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. इस दौरान 1424 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं, जिनमें 54 स्वर्ण पदक और 62 शोधार्थी (पीएच.डी.) शामिल थे. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपने संबोधन में कहा कि इस समारोह में 64प्रतिशत स्वर्ण पदक छात्राओं ने प्राप्त किए हैं, जो विकसित भारत के निर्माण में उनकी निर्णायक भूमिका को दर्शाता है. उन्होंने विद्यार्थियों से तपस्या, सरलता और कर्तव्यनिष्ठा को जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया. उन्होंने विश्वविद्यालय की सराहना की.

> राज्यपाल गुरमीत सिंह ने योग व आयुर्वेद के क्षेत्र में पतंजलि के अभूतपूर्व योगदान की प्रशंसा की. उन्होंने फ्लोरा ऑफ राष्ट्रपति भवन व मेडिसिनल प्लांट ऑफ राष्ट्रपति भवन पुस्तकों का विमोचन किया. सीएम धामी ने कहा कि राज्य सरकार नई शिक्षा नीति लागू कर उत्तराखंड को शोध व नवाचार में अग्रणी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है. स्वामी रामदेव ने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय का हर विद्यार्थी 'जॉब सीकर' नहीं, बल्कि 'जॉब क्रिएटर' है.

# बिप्लब सरकार के ठिकाने पर ईडी की रेड

**पाक नागरिक को फर्जी पासपोर्ट दिलाने वाला रैकेट बेनकाब**

**नई दिल्ली, 3 नवम्बर. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को पाकिस्तानी नागरिक आज़ाद मलिक को फर्जी भारतीय पासपोर्ट दिलाने वाले रैकेट के मामले से जुड़े संदिग्ध विप्लव सरकार के ठिकानों पर छापेमारी की.**

ईडी के अधिकारियों के अनुसार, विप्लव सरकार का नाम बिचौलिये इन्दुभूषण हलदर से पूछताछ के दौरान सामने आया था. हलदर को विदेशियों को पैसे लेकर भारतीय पहचान पत्र, जैसे पासपोर्ट आदि मुहैया कराने के आरोप में पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है. विप्लव सरकार के परिजन भी इन अवैध करतूतों में लिप्त होने के




संदेह के कारण जांच के दायरे में हैं. ईडी ने इन्दुभूषण हलदर उर्फ दुलाल को 13 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था. यह गिरफ्तारी पाकिस्तानी नागरिक आज़ाद हुसैन उर्फ आज़ाद मलिक उर्फ अहमद हुसैन आज़ाद से जुड़े मामले में हुई थी. हलदर को विचार भवन की विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया था. उसे ईडी की हिरासत में पांच दिनों के लिए भेज दिया गया. वर्तमान छापेमारी का उद्देश्य और सबूत इकट्ठा करना और अन्य आरोपियों को पकड़ना है. ईडी ने पश्चिम बंगाल पुलिस ने विदेशी अधिनियम की धारा के तहत आजाद मलिक के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की. जांच के निष्कर्षों से पता चला कि एक पाकिस्तानी नागरिक आज़ाद हुसैन, मोना मलिक के पुत्र आज़ाद मलिक की फर्जी पहचान के साथ भारत में रह रहा था.

> आज़ाद हुसैन को 15 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था और वह वर्तमान में न्यायिक हिरासत में है. ईडी की जांच में यह भी पता चला कि आज़ाद हुसैन भारतीय पासपोर्ट चाहने वाले बंगलादेशी ग्राहकों को नादिया के चकदाह निवासी इंदुभूषण हलदर के पास भेजता था. हलदर ने इन बंगलादेशी नागरिकों के लिए भारतीय पासपोर्ट जारी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. उसने आवेदनों के लिए जाली दस्तावेज तैयार किए.

## बिहार चुनाव में लालू यादव की एंट्री, रोड शो



**पटना.** बिहार विधानसभा चुनाव के सियासी घमासान में सोमवार को पहली बार आरजेडी चीफ लालू यादव चुनाव प्रचार में उतरे. इस दौरान उन्होंने दानापुर सीट से आरजेडी प्रत्याशी रीतलाल यादव के लिए वोट मांगे. लालू यादव का रोड शो दीघा से खगौल तक गया.इस दौरान करीब 15 किमी की दूरी तय की गई, उनके साथ राजद सांसद और बड़ी बेटी मीसा भारती साथ रहीं. लालू के रोड शो में भारी भीड़ उमड़ी. इस दौरान उन्होंने एक बार फिर तेजस्वी के सीएम बनने और 14 नवंबर को सरकार बदलने का दावा किया.


# किसानों को नहीं होने देंगे परेशान

**फसल बीमा को लेकर मंत्री ने दिया जांच का आदेश**

**नई दिल्ली, 3 नवंबर. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबंधित किसानों की परेशानियां दूर करने और क्लेम के बारे में उनकी शिकायतों के समाधान के लिए आज दिल्ली में उच्चस्तरीय बैठक ली.**

शिवराज सिंह ने बैठक में महाराष्ट्र के कुछ किसानों को भी वर्चुअल जोड़कर गहराई से सीधे उनकी बात सुनी और अधिकारियों से इसके बारे में जवाब मांगा. शिवराज सिंह ने साफ तौर पर कहा कि हम किसानों को किसी भी हालत में परेशान नहीं होने देंगे. 1 रु., 3 रु., 5 रु. या 21 रु. का फसल बीमा क्लेम मिलना किसानों के साथ मजाक है, सरकार ऐसा नहीं होने देगी. उन्होंने इस संबंध में पूरी जांच के आदेश दिए, साथ ही किसानों के हित में बीमा कंपनियों एवं अफसरों को सख्त निर्देश दिए और कहा कि किसानों को क्लेम जल्दी और एक साथ मिलना चाहिए तथा क्षति का आंकलन सटीक प्रणाली से होना चाहिए, इसके लिए शिवराज सिंह ने योजना के प्रावधानों में आवश्यक होने पर बदलाव कर विसंगतियां दूर करने के निर्देश भी अफसरों को दिए. चौहान सीहोर जिले के किसानों से मिली शिकायतों को लेकर काफी गंभीर थे.

> केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह के निर्देश पर इस बैठक में महाराष्ट्र के कृषि आयुक्त तथा राज्य के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को भी वर्चुअल जोड़ा गया, साथ ही अकोला जिले के शिकायतकर्ता कुछ किसानों को भी आनलाइन जोड़कर उनसे पूरी जानकारी ली गई, जिनकी शिकायत थी कि 5 रु., 21 रु. मिले हैं, शिवराज सिंह ने पूरी बारीकी से पूछताछ करते हुए सवाल किया कि हमारे किसानों को इस तरह से इतना कम क्लेम पेमेंट कैसे और क्यों हुआ है. मंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि ये विसंगति है, जिसे दूर किया जाएं, इससे क्लेम पेमेंट मिलने के समय किसानों में भ्रम होता है.



# तमिलनाडु में जीवन गंवाने वालों को केजरीवाल की श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली, 3 अक्टूबर. दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने तमिलनाडु में हुई दर्दनाक दुर्घटना के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक संदेश साझा कर दुखी परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं.**

उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों की शीघ्र स्वास्थ्यलाभ की कामना करते हुए, प्रभावित परिजनों के लिए सांत्वना का संदेश भेजा है. तमिलनाडु में हुए उस जानलेवा हादसे ने जहाँ एक ओर सम्पूर्ण प्रदेश को झकझोर दिया है, वहीं राष्ट्रीय राजनीति में भी गहरा असर छोड़ा है. इस बीच, आम आदमी



पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने अपने सामाजिक माध्यमीय पोस्ट में लिखा — इस हृदयविदारक हादसे में जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं. ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति दें और घायलों को जल्द स्वस्थ करें.

# पाक कर रहा है परमाणु परीक्षण : ट्रंप

**राष्ट्रपति डोनाल्ड ने एक साक्षात्कार में कहा**

**नई दिल्ली, 3 नवंबर. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि पाकिस्तान परमाणु परीक्षण कर रहा है और दावा किया कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच परमाणु युद्ध होने से रुकवाया था.**

ट्रंप ने सीबीएस न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि अमेरिका भी परमाणु परीक्षण करेगा क्योंकि रूस, चीन तथा उत्तर कोरिया जैसे देश भी परमाणु परीक्षण कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भी परमाणु परीक्षण कर रहा है. अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया है कि उन्होंने आठ युद्ध रूकवाये हैं और भारत-पाकिस्तान



के बीच परमाणु युद्ध होने से रूकवाया. ट्रंप कई बार दावा कर चुके हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान को मई में सैन्य संघर्ष रोकने के लिये मजबूर किया था और इसके लिए उन्होंने भारत को व्यापार रोकने की धमकी दी थी. उन्होंने कहा, हमारी धरती पर नौ युद्ध चल रहे थे. मैंने उनमें से आठ हल कर लिए हैं.

## एनवीडिया सीईओ ने दी चेतावनी

**मॉस्को.** एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग ने कहा है कि शुरुआत में अमेरिका ने प्रौद्योगिकी क्षेत्र के विकास में चीन की क्षमता को कमतर आंका था लेकिन अब वह अमेरिकी प्रौद्योगिकियों के बजाय अपने स्वयं के उद्योग पर पूर्ण भरोसा कर सकता है. फॉक्स न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में हुआंग ने कहा, हमने चीन की स्वदेशी प्रौद्योगिकी उद्योग की क्षमता को कमतर आंका था. अब वे लाखों एआई चिप्स बना रहे हैं. अब यह बिल्कुल स्पष्ट है कि उनकी सेना अमेरिकी तकनीक पर निर्भर नहीं है.

## एक नजर में



### अफगानिस्तान में भूकंप से 8 मरे, 200 घायल

**काबुल, 3 नवंबर.** अफगानिस्तान में सोमवार तड़के 6.3 तीव्रता का भूकंप आने से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और लगभग 200 अन्य घायल हो गए. बल्ख प्रांत के खुल्म ज़िले में छह लोगों की मौत और 70 से ज़्यादा लोगों के घायल होने की खबर है. इसके अलावा समांगन प्रांत की राजधानी ऐबक में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 100 से ज़्यादा घायल हो गए जबकि हज़रत सुल्तान जिले में एक व्यक्ति के मरने और 15 अन्य के घायल होने का समाचार है. अफगान सरकार ने कहा कि बचाव दल अभी भी भूकंप से प्रभावित दूरदराज के इलाकों में नुकसान का आकलन कर रहे हैं और चेतावनी दी है कि संचार व्यवस्था बहाल होने पर हताहतों की संख्या बढ़ सकती है. प्रभावित इलाकों में चिकित्सा और आपातकालीन टीमें भेजी गई हैं, जहाँ स्थानीय अस्पताल घायलों की बढ़ती संख्या से निपटने के लिए संघर्ष कर रहे हैं. अफ़ग़ानिस्तान में पहाड़ी इलाकों और कमजोर बुनियादी ढाँचे के कारण, भारी जनहानि होती है. देश में चल रहे दूसरे संकटों ने आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने की उसकी क्षमता को भी गंभीर रूप से प्रभावित किया है.

### उद्योग-अकादमिक सहयोग को दी नई मजबूती

**वाराणसी, 3 नवंबर.** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) ने सोमवार को क्लाउडब्लिट्ज (ग्रेमियो टेक्नोलॉजीज प्रा. लि. द्वारा संचालित) के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए. इस समझौते का उद्देश्य संयुक्त शोध, तकनीकी नवाचार, कौशल विकास एवं उद्योग-अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देना है. एमओयू पर प्रो. राजेश कुमार, डीन (आरएंडडी), आईआईटी (बीएचयू) और अतुल वारघाने, सीईओ, क्लाउडब्लिट्ज द्वारा हस्ताक्षर किए गए. इस अवसर पर आईआईटी (बीएचयू) की ओर से प्रो. अभा मिश्रा, एसोसिएट डीन (आरएंडडी), डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. अंशुमान शर्मा तथा क्लाउडब्लिट्ज की ओर से सुश्री मुस्कान खेलेमानी, बिजनेस ऑपरेशन मैनेजर उपस्थित रहे. सहयोग के संबंध में जानकारी देते हुए प्रो. राजेश कुमार ने बताया कि दोनों पक्ष परस्पर रुचि की शोध परियोजनाओं को संयुक्त रूप से आगे बढ़ाएंगे, तकनीकी ज्ञान साझा करेंगे, प्रासंगिक डाटासेट्स एवं संसाधनों का आदान-प्रदान करेंगे तथा शोध प्रकाशन एवं ज्ञान प्रसार में सहयोग करेंगे. इसके अंतर्गत संयुक्त रूप से वर्कशॉप, हैकाथॉन, संगोष्ठी, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सम्मेलन और इनोवेशन चैलेंज आयोजित किए जाएंगे.

# बिहार में जंगलराज इतिहास बना : शाह

## सीतामढ़ी जिले में केन्द्रीय गृह मंत्री ने रैली को किया संबोधित

**सीतामढ़ी, 3 नवंबर. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार में जंगलराज इतिहास बन चुका है और राज्य में विकास के नए कीर्तिमान बन रहे हैं.**

शाह ने आज सीतामढ़ी जिले में राजग प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित रैली को संबोधित करते हुये कहा कि राजग की सरकार में जंगलराज इतिहास बन चुका है, अब राज्य में में इंफ्रास्ट्रक्चर, इनोवेशन से विकास के नए कीर्तिमान बन रहे हैं. केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि बेलसंड का आज़ादी के आंदोलन में बहुत बड़ा योगदान था. बेलसंड के 24 स्वतंत्रता सेनानियों को अंग्रेजों ने काला पानी की सजा दी थी. उन्होंने कहा कि लालू एंड कंपनी ने उन्हें भुला दिया है. उन्होंने कहा कि राजग सरकार इन 24 स्वतंत्रता सेनानियों का स्मारक बनाएगी.

शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अपमान करते-करते अब छठी मैया का अपमान कर दिया है. उन्होंने कहा कि जब-जब इन लोगों ने श्री मोदी मोदी का अपमान किया है, जनता ने उसका जवाब उन्हें हराकर दिया है. आने वाले चुनाव में सीतामढ़ी वालों को इसे याद रखना है.उन्होंने कहा कि राजद-कांग्रेस वाले लोग राम मंदिर के विरोधी हैं. श्री मोदी ने अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनवाया. अब हम सीता जी का भव्य राम मंदिर बनाने जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि जिस दिन



सीतामढ़ी में सीता माता के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी, उसी दिन सीतामढ़ी से लेकर अयोध्या तक वंदे भारत ट्रेन भी चालू कर दिया जायेगा. उन्होंने कहा कि जो अयोध्या आयेगा, वह सीतामढ़ी भी आयेगा और बिहार के टूरिज्म को बहुत फायदा होगा. केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधामनंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी जीविका दीदियों के खातों में 10 हजार रुपए डाले हैं. उन्होंने कहा कि राजद वाले चुनाव आयोग के पास जाकर कह रहे हैं कि यह दस हजार रुपए वापस ले लो. उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है.

### आज चुनावी रैली को संबोधित करेंगे योगी

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री सोमवार को बिहार के चार जिलों दरभंगा, मुजफ्फरपुर, सारण और पटना के दौरे पर रहेंगे. मुख्यमंत्री का यह दौरा एकदिवसीय होगा जहां वह चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे. मुख्यमंत्री दिन की शुरुआत सुबह 9 बजे अपने सरकारी आवास 5, कालिदास मार्ग, लखनऊ में सूचना विभाग की बैठक से करेंगे.

### 5 सीटों पर 'दोस्ताना' महागठबंधन की टक्कर

**पटना.** बिहार में छह नवंबर को प्रथम चरण के 121 सीटों पर होने वाले चुनाव में पांच सीटों पर महागठबंधन के प्रत्याशियों के बीच 'दोस्ताना' मुकाबला होगा. बिहार में इस बार के चुनाव में महागठबंधन के घटक दलों में राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी), भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिनवादी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और इंडियन इंक्लूसिव पार्टी (आईआईपी)शामिल है. बिहार में पहले चरण के चुनाव में महागठबंधन के घटक राजद ने 71, कांग्रेस ने 24, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा माले) ने 14, भाकपा ने पांच, माकपा और आईआईपी ने तीन-तीन सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किये है. इनमें से पांच सीटें वैशाली, राजापाकड़ (सुरक्षित), बिहारशरीफ,बछवाड़ा और बेलदौर में कई प्रत्याशी अपने ही गठबंधन के योद्धाओ को चुनौती देते नजर आएंगे.

## आज का इतिहास

1509 अल्मीडा के बाद अल्फांसो द अल्बुकर्क भारत में दूसरे पुर्तग़ाली वायसराय बने.

1618 मुग़ल शासक औरंगज़ेब का जन्म.

1619 फ्रेडरिक पंचम यूरोपीय देश बोहेमिया के राजा बने.

1822 दिल्ली में जल आपूर्ति योजना का औपचारिक रूप से शुभारंभ.

1856 जेम्स बुकानन अमेरिका के 15वें राष्ट्रपति बने.

1875 अमेरिका के बोस्टन में मैसाचुसेट्स राइफल एसोसिएशन की स्थापना हुई.

# मुख्यमंत्री ने किया दावा : जुबीन की सिंगापुर में की गई थी हत्या

**असम के संगीत जगत में मचा हड़कंप**

**गुवाहाटी, 3 नवंबर.** असम के लोकप्रिय गायक और अभिनेता जुबीन गर्ग की रहस्यमयी मौत ने अब एक नया मोड़ ले लिया है। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को चौंकाने वाला दावा करते हुए कहा कि जुबीन की सिंगापुर में हत्या की गई थी, यह कोई हादसा नहीं था। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि इस मामले में 8 दिसंबर 2025 तक चार्जशीट दाखिल की जाएगी। असम के मशहूर गायक, संगीतकार और अभिनेता जुबीन




गर्ग की मौत से जुड़े मामले में अब सस्पेंस गहराता जा रहा है। सोमवार को मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रारंभिक जांच से यह स्पष्ट होता है कि जुबीन की हत्या की गई थी। उन्होंने बताया कि असम पुलिस और सिंगापुर की जांच एजेंसियाँ मिलकर साक्ष्य जुटा रही हैं.

# भारत और बहरीन संबंधों में नए अवसरों की संभावना : जयशंकर

**बहरीन ने फिनटेक व अंतरिक्ष क्षेत्र में साझेदारी पर दिया जोर**

**नई दिल्ली 3 नवम्बर. भारत ने बहरीन के साथ अंतरिक्ष, फिनटेक और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में साझेदारी की संभावना बताते हुए उसके साथ द्विपक्षीय निवेश संधि और संयुक्त कार्य समूह के गठन पर जोर दिया है.**

भारत ने गाजा शांति योजना के प्रति अपने समर्थन को भी दोहराते हुए उम्मीद जताई है कि इससे समस्या का स्थायी समाधान निकलेगा. विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत यात्रा पर आये बहरीन के विदेश मंत्री डॉ.



अब्दुल्लातिफ बिन राशिद अलजयानी के साथ सोमवार को पांचवीं भारत-बहरीन उच्च संयुक्त आयोग की बैठक में प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि भारत और बहरीन के बीच सदियों पुराने मैत्रीपूर्ण संबंध हैं. हम अपने लोगों और अपने साझा क्षेत्र के लिए शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने के साझा लक्ष्य और प्रतिबद्धता में भी विश्वास करते हैं.

## यूएन दूत ने इराक चुनाव को समर्थन देने का लिया संकल्प

**बगदाद, 3 नवंबर.** इराक के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव के विशेष प्रतिनिधि मोहम्मद अल हसन ने इराक में 11 नवंबर को होने वाले संसदीय चुनावों को समर्थन देने के लिए संगठन की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया. यह जानकारी इराकी विदेश मंत्रालय ने दी. इराकी विदेश मंत्री फुआद हुसैन के साथ अपनी बैठक में, हसन ने चुनावी प्रक्रिया में इराक के लिए अपना समर्थन जारी रखने और राजनीतिक एवं आर्थिक स्थिरता बढ़ाने के लिए संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि की. राष्ट्रीय मतदान की अंतिम तैयारियों की समीक्षा की.

# जज बनने की याचिका पर कोर्ट नाराज

**न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति की मांग वाली याचिका खारिज**

**कोर्ट ने कहा – कॉलेजियम बुलाने की उम्मीद कैसे?**

**नईदिल्ली, 3 नवंबर. उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उच्च न्यायालय के जज के तौर पर नियुक्ति की मांग वाली एक व्यक्ति की याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुऐ इसे व्यवस्था का मज़ाक बताया.**

भारत के मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति विनोद चंद्रन की पीठ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सवाल किया कि क्या याचिकाकर्ता जी. सरवन कुमार को उम्मीद है कि उच्चतम



न्यायालय उनके अनुरोध पर कॉलेजियम की बैठक बुलाएगा. पीठ ने पूछा, क्या आप चाहते हैं कि हम इस न्यायालय के तीन वरिष्ठ न्यायाधीशों को अभी यहां बुलाएं और कॉलेजियम की बैठक करें? मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की, आप व्यवस्था का मज़ाक उड़ा रहे हैं! हमने उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित याचिकाओं पर कब सुनवाई की है? इसकी लागत कितनी होगी?

> पीठ ने याचिकाकर्ता को फटकार लगाते हुए कहा कि इस तरह की बेकार याचिका पर अदालत जुर्माना भी लगा सकती है. याचिकाकर्ता के वकील ने न्यायालय की कड़ी टिप्पणियों के बाद याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी. मुख्य न्यायाधीश ने उन्हें सुझाव दिया कि ऐसी याचिकाएं दायर करना एक वकील के लिए अनुचित है. मुख्य न्यायाधीश ने कहा, ऐसी याचिकाएँ दायर करने के लिए सनद (वकालत का लाइसेंस) वापस ले लिया जाना चाहिए. न्यायालय की अनुमति से बाद में याचिका वापस ले ली गई.

**रेलमंत्री का दौरा | अहमदाबाद स्टेशन पुनर्विकास एवं हाई स्पीड रेल परियोजना के प्रगति की समीक्षा**

# देशभर में स्टेशनों का व्यापक पुनर्विकास : अश्विनी वैष्णव

**अहमदाबाद. रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को अहमदाबाद रेलवे स्टेशन का दौरा किया.**

इस अवसर पर उन्होंने अहमदाबाद स्टेशन पर चल रहे स्टेशन पुनर्विकास कार्यों तथा हाई स्पीड रेल (बुलेट ट्रेन) परियोजना के प्रगति की समीक्षा की. रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अहमदाबाद स्टेशन पुनर्विकास कार्य का निरीक्षण किया और



मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि भारत में यात्रियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए देशभर में स्टेशनों का व्यापक पुनर्विकास किया जा रहा है. वर्तमान में 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों पर पुनर्विकास कार्य प्रगति पर है, जिनमें अहमदाबाद स्टेशन एक प्रमुख स्टेशन है. रेल मंत्री ने बताया कि अहमदाबाद स्टेशन पर 16 मंजिला आधुनिक भवन का निर्माण किया जा रहा है. सरसपुर साइड पर बुलेट ट्रेन परियोजना का कार्य तेजी से चल रहा है तथा अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल स्टेशन लगभग पूर्णता की ओर है. बुलेट ट्रेन स्टेशन और अहमदाबाद रेलवे स्टेशन को आपस में एकीकृत (इंटीग्रेटेड) रूप से विकसित किया जा रहा है, सरसपुर साइड मेट्रो स्टेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा यात्रियों के लिए खोला जा चुका है.

### ट्रेनों की परिचालन क्षमता में होगी वृद्धि

उन्होंने आगे बताया कि अहमदाबाद स्टेशन को तीन अतिरिक्त प्लेटफॉर्म प्राप्त होंगे, जिससे स्टेशन की ट्रेनों की परिचालन क्षमता में वृद्धि होगी. स्टेशन को शहर के दोनों ओर कालूपुर और सरसपुर साइड आधुनिक स्वरूप में विकसित किया जा रहा है. सभी प्लेटफॉर्म कोंकर्स रूफ प्लाजा से कवर हो जाएंगे तथा स्टेशन पर एलीवेटेड रोड का कार्य भी तीव्र गति से जारी है. इस प्रकार शहर के दोनों छोर कोंकोर्स,एलेवेटेड रोड, फूटओवर ब्रिज से जुड़ जाएगा.

> अहमदाबाद स्टेशन का पुनर्विकास कार्य विरासत स्मारकों को आधुनिक शहरी केंद्र के साथ एकीकृत करने की अवधारणा पर आधारित है. यह परियोजना एक विश्वस्तरीय मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब का निर्माण करेगी, जिसमें पर्याप्त पार्किंग, कालूपुर आरओबी और सारंगपुर आरओबी को जोड़ने वाला एलिवेटेड रोड नेटवर्क, कॉनकोर्स एरिया तथा उन्नत यात्री सुविधाएं सम्मिलित होंगी. स्टेशन का वास्तुशिल्प डिजाइन मोढेरा सूर्य मंदिर से प्रेरित है.